Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Economics

Freshers and farewell Party

19-03-2024

दिनांक 19.03.2024 (मंगलवार) को श्री अरविंद महिला कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा फ्रेशर्स और फेयरवेल का आयोजन किया गया। प्रचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ते हुए कॉलेज का नाम देश विदेश में रौशन करने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. आर सी पी सिंह ने कहा की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल कूद में प्रतिभागिता भी आवश्यक हैं। छात्राओं ने नृत्य, रैंप वॉक, नाटक और समूहगान में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। मिस फ्रेशर का खिताब परी शर्मा को, शिया शुभांगी को फर्स्ट रनर अप तथा श्रुति कुमारी को सेकंड रनर अप चुना गया। वही मानवी सोनी को मिस फेयरवेल, श्रुति वर्मा को फर्स्ट रनर अप और मीनाक्षी राज को सेकंड रनर अप चुना गया। विभाग की शिक्षिका जया कुमारी का कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों समेत 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन आस्था और आकांक्षा शंकर ने किया।

iNEXT CITY FOCUS

CITY BRIEFS

पठन-पाठन के साथ कल्चरल एक्टिविटी जरूरी

PATNA: अरविन्द महिला कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा फेशर्स और फेयरवेल का आयोजन किया गया. प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ते हुए कॉलेज का नाम देश-विदेश में रौशन करने का मैसेज दिया. अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. आरसीपी सिंह ने कहा की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन के साथ-साथ कल्चरल एक्टिविटी व खेल-कूद में भागीदारी जरूरी है. अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक आदित्य भारद्वाज छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अनुशासन में रहने का मैसेज दिया. छात्राओं ने नृत्य, रैंपवॉक, नाटक और समूहगान में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी. मिस फ्रेशर का खिताब परी शर्मा को, शिया शुभांगी फर्स्ट रनरअप और श्रुति कुमारी सेकेंड रनरअप रही. वही मानवी सोनी मिस फेयरवेल, श्रुति वर्मा फर्स्ट रनरअप और मीनाक्षी राज सेकेंड रनरअप चुनी गईं. कार्यक्रम की सफलता में विभाग की शिक्षिका जया कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही. सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों समेत 100 से अधिक छात्राएं शामिल हुईं. संचालन आस्था और आकांक्षा शंकर ने किया.